**BUDAUN POLICE**

**प्रेस नोटः-दिनॉक-21-06-2024** **थाना सहसवान**

## थाना सहसवान पुलिस को मिली बडी सफलता, अवैध शस्त्र व शस्त्र बनाने के उपकरणो के साथ दो अभियुक्त किये गये गिरफ्तार ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ के आदेशानुसार जनपद मे अपराध की रोकथाम एंव वाछिंत अभियुक्त की गिरफ्तारी एंव माल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशानुसार तथा क्षेत्राधिकारी सहसवान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक सहसवान सौरभ सिंह व थाना सहसवान पुलिस बल द्वारा आज दिनांक 21.06.2024 को थाना सहसवान पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तगण 1. ओमपाल पुत्र हाकिम नि0 ग्राम कुकरईया थाना सहसवान बदायूँ हाल पता मो0 नयागंज कस्बा व थाना सहसवान जनपद बदायूँ 2. मीहिलाल पुत्र छेदालाल नि0 ग्राम जखुपुर थाना सहसवान जनपद बदायूँ को एक अदद रायफल देशी .315 बोर, दो अदद तमन्चा .315 बोर व एक अर्ध निर्मित रायफल .315 बोर व 5 अर्ध निर्मित तमन्चे .315 बोर व 3 नाल ,व एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर तथा शस्त्र बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 323/24 धारा 5/25 आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**विवरण**

दिनांक 21.06.2024 को थाना सहसवान पुलिस को जरिये मुखबिर खास सूचना मिली की ग्राम जखुपुर के जंगल मे मीहिलाल मौर्य टयुबैल के पास दो व्यक्ति अवैध तमंचा व देशी रायफल बनाने की फैक्ट्री चला रहे है, इस सूचना पर विश्वास कर थाना सहसवान पुलिस द्वारा मुखबिर को साथ लेकर मुखविर द्वारा बताए स्थान की ओर चल दिए ग्राम जखुपुर के जंगल मे मीहिलाल के टयुवैल से करीब 50 कदम पहले से मुखविर ने इशारा कर बताया कि सामने जो आग चल रही है यही पर दोनो व्यकित अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री चला रहे है। और मुखबिर चला गया तब हम पुलिस वालो ने आपस मे राय मशवरा कर योजना बनाकर सिखलाए तरीके से आस पास खडी मक्का की फसल मे छिपते छिपते नजदीक पहुंच कर देखा कि एक व्यक्ति धोकनी चलाकर लोहे की कोई चीज गर्म कर रहा है उसे निकाल कर सिकन्जे मे फसाँ कर रेती से घिस रहा है। और पास मे रखे लोहे की पट्टी पर रख कर हथौडे से पीट रहा है इस पर हम पुलिस वालो को विश्वास हो गया कि यहा अवैध शस्त्रो का निर्माण हो रहा है दूसरा व्यकित आरी से लोहा का कुछ काट रहा है तभी हम पुलिस वालो ने एक वारगी दबिश देकर आवश्यक वल प्रयोग करते हुए दोनो व्यक्तियो को भागने का मौका दिए बगैर समय करीब 2.15 AM बजे मौके पर ही पकड लिया पकडे गये दोनो व्यक्तियो से बारी वारी नाम पता पूछते हुएपहले व्यक्ति ने अपना नाम ओमपाल पुत्र हाकिम निवासी ग्राम कुकरईया थाना सहसवान बदायूँ हाल पता मौ0 नयागंज कस्बा व थाना सहसवान वताया जो कि धोकनी चला रहा था जिसकी जामा तलाशी से पहने पेन्ट की जेव से 120 रू नकद मिले तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम मीहि लाल पुत्र छेदा लाल निवासी ग्राम जखुपुर थाना सहसवान बदायूँ बताया जिसके पहने शर्ट की जेब से 190 रू बरामद हुए मौके पर मौजूद दोनो व्यक्तियो के कब्जे से एक अदद राइफल देसी .315 बोर नाजायज व दो अदद तमन्चा देशी .315

बोर नाजायज चालू हालत मे ,व एक अर्ध निर्मित राइफल .315 बोर व 5 अदद तमन्चा अर्ध निर्मित .315 बोर 3 नाल लोहा व एक खोखा .315 व शस्त्र बनाने के उपकरण एक अदद वर्मा एक अदद धोकनी , एक अदद प्लास 4 अदद स्प्रिग , 4 अदद आरी के पत्ते ,1 अदद गोल रेती ,2 अदद चपटी रेती, एक अदद आरी मय पत्ती टार्च व दो अदद प्लास्टिक पल्ली व एक अदद रेती नुकीला एक अदद बसौला, 2 अदद छेनी लोहा ,2 अदद सन्डेसी लोहा 1 अदद हथौडा मय बैटा 2 अदद पेचकस एक अदद तेल की कुप्पी एक अदद सिकन्जा छोटा, दो अदद लकडी के गुटके,1 अदद लकडी टुकडा मय खाचाँ दो अदद लकडी चाप 4 अदद निडिल वर्मा,4 अदद टेगर लोहा अर्ध निर्मित ,2 अदद हैमर लोहा अर्ध निर्मित,4 अदद कील लोहा ,4 अदद सुम्भी लोहा एक अदद लोहे की नाल गोलाई मे 4 अदद स्प्रिग छोटे मुडे हुए 20 अदद पेच लोहा 3 टुकडे नौसादर सफेद ,पन्नी मे एक लोहा पत्ती मुडी हुई एक बैरिग छल्ला लोहा 4 अदद लोहा के टुकडे एक अदद पेनसिल इस्तमाली ,1 टीन का टुकडा छेददार एक तार पीतल ,एक लोहे की मोटी पटटी 1 फिट, एक छोटी बोरी मे कोयला व लकडी के टुकडे एक माचिस चावी मार्का एक अदद सिकन्जा लोहा बडा दो तार लोहा एक तार एल्युमिनियम 3 अदद इजेक्टर लोहा मुडे हुए बरामद हुए बरामदा राइफल का हुलिया कुल लम्बाई 41 इंन्च ,बट लकडी 7.5 इन्च वाडी लोहा 14 इंच. जिस पर दोनो तरफ लकडी की चाप कसी है बैरल की लम्बाई 32.5 इंच उपर हैमर व नीचे ट्रैगर तथा खोलने बन्द करने के लिए खटका लगा है बैरल के मुहाने पर निशाना लेने की पत्ती लगी है। व मध्य मे सुराग नुमा लोहे की पत्ती लगी है बरामद हुए। जिसके सम्बन्ध में थाना हाजा पर मु0अ0सं0 323/24 धारा धारा 5/25 आयुद्ध अधिनियम पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तारी का स्थान दिनाँक व समय**
जंगल ग्राम जखुपुर दिनाँक 21.06.2024 समय करीब 02.15 बजे

**विवरण पूछताछ --** अभियुक्तगण 1. ओमपाल पुत्र हाकिम नि0 ग्राम कुकरईया थाना सहसवान बदायूँ हाल पता मो0 नयागंज कस्बा व थाना सहसवान जनपद बदायूँ 2. मीहिलाल पुत्र छेदालाल नि0 ग्राम जखुपुर थाना सहसवान जनपद बदायूँ सम्बन्धित मु0अ0सं0 323/24 धारा 5/25 A ACT ने पूछने पर बताया कि साहब यह काम हम दोनो ने मिलकर नया नया शुरू किया है, देशी रायफल 5000 रूपये मे व देशी तमन्चा 2500 रूपये मे चलते फिरते ग्राहक  तलाश कर बेच देते है, जिससे हम अपने परिवार का पालन पोषण करते है, तथा अभियुक्त ओमपाल उपरोक्त ने बताया कि शस्त्र बनाने का काम मैने अपने पिता हाकिम पुत्र यादराम से सिखा था, मेरे पिता की उम्र करीब 85 वर्ष की हो गयी है, वह बीमार रहते है, तथा खाट पकड ली है, उनके ईलाज के लिये लोक सभा चुनाव 2024 में शस्त्रो की मांग बढने के अंदेशे पर मैने मीहिलाल के साथ काम शुरू किया योगी बाबा की दहशत व पुलिस की सक्रियता के कारण तैयार माल बिक नही सका। चलते फिरते एक - दो तमंचे बिक गये है । चुनाव खत्म  होने के बाद हमने फिर काम शुरू किया तो पुलिस ने हमको पकड लिया। मेरे पिता भी पहले 04 बार शस्त्र फैक्ट्री में जेल जा चुके है, तथा एक बार मैं भी शस्त्र फैक्ट्री में जेल जा चुका हूँ। तथा अभियुक्त मीहिलाल उपरोक्त ने बताया कि ये काम मैनें अपने साथी ओमपाल से सिखा है, क्योकिं ओमपाल के पिता हाकिम ये काम पहले कर चुके है।

**अपराध करने का तरीका**
अभियुक्तगण उपरोक्त अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाकर अवैध शस्त्र का निर्माण व विक्रय करना।

**विवरण गिरफ्तार शुदा अभियुक्तगण**

1. ओमपाल पुत्र हाकिम नि0 ग्राम कुकरईया थाना सहसवान बदायूँ हाल पता मो0 नयागंज कस्बा व थाना सहसवान जनपद बदायूँ
2. मीहिलाल पुत्र छेदालाल नि0 ग्राम जखुपुर थाना सहसवान जनपद बदायूँ

**अभियुक्त ओमपाल उपरोक्त का अपराधिक इतिहास**

मु0अ0सं0 262/07 धारा 5/25 A ACT
मु0अ0सं0 323/24 धारा 5/25 A ACT

**अभियुक्त मीहिलाल उपरोक्त का अपराधिक इतिहास**

मु0अ0सं0 323/24 धारा 5/25 A ACT

**विवरण बरामदगी**

एक अदद रायफल देशी .315 बोर, दो अदद तमन्चा .315 बोर व एक अर्ध निर्मित रायफल .315 बोर व 5 अर्ध निर्मित तमन्चे .315 बोर व 3 नाल ,व एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर तथा शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए।

**गिरफ्तार करने वाली थाना सहसवान पुलिस टीम**

प्रभारी निरीक्षक सौरभ सिंह थाना सहसवान जनपद बदायूँ
उ0नि0 सुशील कुमार विश्नोई थाना सहसवान जनपद बदायूँ
उ0नि0 सुनील कुमार थाना सहसवान जनपद बदायूँ
का0 415 सचिन ढाका थाना सहसवान जनपद बदायूँ
का0 1740 विजय कुण्डू थाना सहसवान जनपद बदायूँ
का0 1590 नितिन कुमार थाना सहसवान जनपद बदायूँ
का0 1986 आदित्य सिंह थाना सहसवान जनपद बदायूँ

सोशल मीडिया सैल,
जनपद बदायूं।